## खबर संक्षेप



### युवक पर चाकू से हमला कर आरोपित हुए फरार

**कटनी।** एक युवक पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना कुठला थाना अंतर्गत कृषि उपज मंडी समीप की है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चाका निवासी मंगल बर्मन ने बताया कि एलपीडी वाहन का चालक है बह अपने मालिक पप्पू बजाज के ऑफिस में बैठा तभी करीब आधा दर्जन युवकों ने अचानक आकर हमला कर दिया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। बताया जाता है कि पुलिस काफी देर तक घटना स्थल तक नहीं पहुंची तो स्थानीय लोगों द्वारा घायल को जिला अस्पताल लाया गया। घायल युवक का इलाज जारी है। इस घटना के बाद मंडी व्यापरियों में जमकर आक्रोश है। मंडी प्रबंधन द्वारा मंडी परिसर में किसी भी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नहीं है जिससे आय दिन चोरी लूट मारपीट की घटना होती आ रहीं है। कुठला पुलिस का कहना है कि घायल के कथन के साथ मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश जारी है।

### हथियारबंद लुटेरों ने कार सवारों के लूटे नकदी व जेवरात

**कटनी।** युवक राष्ट्रीय राजमार्ग में स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छपरा के समीप एक बार फिर लूट की वारदात हुई। हथियारबंद ने कार सवार को घेर कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। चाकू लिए लुटेरों ने मारपीट करते हुए सोने की अंगूठी, चैन सहित लाखों रुपए लूट लिए। पुलिस के मुताबिक माधवनगर नयागांव इमलिया निवासी 39 वर्षीय राम सूजन पिता डुम्मा वंशकार एवं माधव नगर मानसरोवर कॉलोनी निवासी अखिलेश पिता स्वर्गीय सुशील कुमार श्रीवास्तव एवं एक अन्य साथी के साथ जबलपुर से कटनी लौट रहा था। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर ग्राम छपरा के समीप स्थित टाटा कमर्शियल के सामने गत 18 जून की रात लगभग 11:30 बजे जब उन्होंने सड़क किनारे गाड़ी खड़ी की और कार से उतरकर मूत्र विसर्जन करने जा रहे थे, इसी दौरान हाथ में चाकू लिए तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। हथियारबंद युवकों ने मारपीट करते हुए उनसे एक सोने की चेन, दो सोने की अंगूठी और दो लाख 72 हजार रुपए नगद लूट लिए। लूटपाट की घटना को अंजाम देने के बाद लुटेरे रफू चक्कर हो गए। पुलिस ने तीन अज्ञात लुटेरों के खिलाफ धारा 309 (6) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को

**कटनी।** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा योग को वैश्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान संपूर्ण विश्व में योग के प्रति उत्साही भागीदारी देखी गई है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूरा होने के अवसर पर वृहद रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ काउंटडाउन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाने है। इस संबंध में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को आयोजित होने वाले सामूहिक योग दिवस के कार्यक्रम के आयोजकों के पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए है। शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त शासकीय एवं निजी संस्थाओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सहभागिता करने हेतु आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी लिंक के माध्यम से आयोजक के रूप में पंजीयन कराया जाना है ताकि आयोजन की संख्या निर्धारित की जा सके।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आधा दर्जन टीमों का गठन कर दी गई दबिश

# पैकारियों पर पहली बार हुई कार्यवाही, सवा लाख रूपए की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मादक पदार्थों की अवैध बिक्री का गढ़ बने कटनी जिला में नए पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा के चार्ज संभालने के बाद अब कार्यवाही होने लगी है। लगातार शिकायतें मिलने के बाद एसपी विश्वकर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थों के अवैध में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले भर में अवैध शराब पैकारियों के विरुद्ध कार्यवाही अभियान के तहत 6 टीमों का किया गया गठन कटनी के सभी अनुभागों में एक साथ दबिश दी गई। तथा अवैध पैकारी संचालन करने वालों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में ऑपरेशन शिकंजा के तहत पुलिस द्वारा जिले में अपराध एवं अपराधियों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। जिले में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने हेतु ऑपरेशन शिकंजा चलाया जा रहा है जिसके तहत सभी शहरी एवं देहात थानों में अवैध शराब की पैकारियों पर कटनी पुलिस द्वारा दबिश देकर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवं पैकारियों का अवैध संचालन करने वाले संचालकों को गिरफ्तार कर अवैध शराब जप्त की गई।



### 30 पैकारियों पर हुई कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों एवं अवैध शराब के कारोबार के कारण सामाजिक अस्थिरता, अशांति एवं बिगड़ रही कानून व्यवस्था को आधार मानकर संपूर्ण जिले में अवैध शराब के विक्रय तस्करी,अवैध परिवहन पर लगाम लगाने कटनी पुलिस द्वारा ऑपरेशन शिकंजा चलाया जा रहा है जिसके तहत अवैध रूप से शराब परिवहन करने,विक्रय करने एवं समाज में युवाओं में नशे के बढ़ते कुप्रभाव पर शिकंजा कसा जा रहा है। जिले के शहरी थानों एवं ग्रामीण थानों सहित संपूर्ण जिले में अभियान चलाया गया है। थाना प्रभारियों के नेतृत्व में 6 टीमों का गठन किया जाकर एक साथ सभी अनुभागों में एक साथ दबिश की कार्यवाही की गई ।पुलिस द्वारा थाना कुठला, कोतवाली,माधव नगर रीठी,बड़वारा स्लीमनाबाद बरही, उमरियापान, विजयराघवगढ़ में दबिश दी गई। दबिश के दौरान कुल 30 पैकारियो से कुल 237 लीटर अवैध शराब जिसकी कीमत 122650 रुपये है की जब्ती की गई। आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गयी 1पुलिस कप्तान के नेतृत्व में ऑपरेशन शिकंजा के तहत आगे भी लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

### खुलेआम चल रहीं पैकारियां

गौरतलब है कि शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में खुलेआम पैकारियों का संचालन किया जा रहा है। थाना स्तर पर पैकारियों के संचालन के पुख्ता जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही नहीं की जा रही थी। पुलिस महकमा का नेतृत्व बदलने के बाद अब फिजा भी बदल गई है। एसपी के निर्देश पर जिले भर में अब अवैध कारोबारियों को टारगेट कर कार्यवाही की जा रही है।



# मेन रोड स्थित गीता एजेंसी दुकान में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के मुख्य मार्ग में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पास स्थित एक दुकान में अचानक धुंआ का गुबार निकलने लगा। आग लगने की जानकारी लगते ही आसपास के दुकानदारों सहित राहगीरों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। जानकारी मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे तथा आग को बुझाने का कार्य प्रारंभ किया। इस दौरान रोड में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लगी रही।

जानकारी के अनुसार गीता एजेंसी शॉप में आग लगी। यहां अगरबत्ती एवं मोमबत्ती का विक्रय होता है। दुकान की प्रथम मंजिल में शाम करीब 6. 30 बजे अचानक धुंआ का गुबार निकलने लगा तथा भीषण आग लग गई। आग लगने की जानकारी फैलते ही अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। आसपास के दूसरे दुकानदार भी दहशत में आ गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचा तथा आग को बुझाने का प्रयास शुरू किया। विद्युत लाइनों को काट दिया गया ताकि किसी तरह की और भी समस्या न होने पाये। बताया जाता है कि करीब एक डेढ़ तक आग को बुझाने का प्रयास किया गया। आग लगने से आर्थिक क्षति भी हुई है। आग पर काबू पाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## जिला पंचायत सभागार में कार्यशाला का हुआ आयोजन

# जिले की 31 हजार 655 दीदियों को लखपति बनाने का दिया गया लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जिला पंचायत सभागार में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में लखपति दीदी इनिशिएटिव कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड स्तर पर गठित समिति का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

### लखपति बनाने का संकल्प

कार्यशाला में सीईओ जनपद पंचायत बहोरीबंद, रीठी एवं ढीमरखेड़ा और पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह की मौजूदगी में शबाना बेगम जिला परियोजना प्रबंधक मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के 2 करोड़ गरीब परिवारों को आगामी 2 वर्षों मे लखपति बनाने का संकल्प लिया गया है। इसके लिए जिले को 31 हजार 655 दीदियों को लखपति बनाने का लक्ष्य प्रदाय किया गया है ।



कार्यशाला में बताया गया कि विकासखण्ड स्तर पर रैण्डमली 10 प्रतिशत दीदियों की आय का सत्यापन सीईओ जिला पंचायत श्री गेमावत द्वारा गठित समिति द्वारा किया जाएगा।

कार्यशाला उपरांत समिति द्वारा फील्ड स्तर पर भौतिक सत्यापन किया जायेगा जिसकी रिपोर्ट राज्य शासन को भेजी जाएगी।

बैठक के दौरान विद्या पाण्डेय, इंदूकुमार साहू, संध्या शुक्ला, पुष्पा आरख, आरती यादव महिला बाल विकास, पी एस बागरी खण्ड पंचायत अधिकारी विजयराघवगढ, निर्भय सिंह सचिव मानव जीवन विकास समिति, सूर्यप्रताप सिहं बघेल, अजय पाण्डेवय, धर्मेन्द्र गुप्ता, अभय श्रीवास्तंव, विवेक द्विवेदी, देवेन्द्र जैन, जया कोष्टी विकासखण्ड प्रबंधक मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन उपस्थित रहे।

## गौशाला सम्मेलन में भाग लेने जिले से दल हुआ रवाना




भोपाल में मुख्यमंत्री गौशाला सम्मेलन शुक्रवार 20 जून को आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए डॉ. आरके सोनी उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग के नेतृत्व में 6 सदस्यीय पशु चिकित्सकों एवं स्टाफ के साथ जिले की 28 शासकीय एवं 3 स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित गौशालाओं के 40 संचालकों एवं प्रतिनिधियों का दल रवाना कर दिया गया है। अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा एवं डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्हारे ने इस दल को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट कार्यालय से रवाना किया।

# अंतर्वेद में हाई स्कूल के नवीन भवन निर्माण का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

सिलौंडी के समीपवर्ती ग्राम पंचायत अंतर्वेद में शासकीय हाई स्कूल का भूमि पूजन बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, सिलौंडी मनीष सिंह बागरी, पान उमरिया मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, जिला मंत्री विजय दुबे, सरपंच गोकर्ण मिश्रा के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। विधायक और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि का ग्राम पंचायत ने भव्य स्वागत किया । विधायक ने अपने संबोधन में बताया कि शासन शिक्षा व्यवस्था में अच्छे कार्य लगातार कर रही है ।



ग्रामीणों और जनता की मांग को देखते हुए अंतर्वेद में शासकीय हाई स्कूल के नवीन भवन को स्वीकृत कराया और भूमिपूजन कर बच्चों की बेहतर शिक्षा देने का कार्य शुरू है । हाई स्कूल का नया भवन 139 लाख की लागत से बनेगा। सपंच गोकर्ण मिश्रा ने जनता के शादी विवाह कार्यक्रम हेतु सामुदायिक भवन की मांग की । विधायक ने तुरंत ही अंतर्वेद में एक सामुदायिक भवन बनाने की स्वीकृति दी है ।

भूमिपूजन में सरपंच अनिल बागरी ,सरपंच कैलाश जैन कछार गांव बड़ा, सरपंच रिया राहुल दुबे , सोनू गौतम, बीईओ प्राचार्य लखन बागरी आदि उपस्थित रहे।

## अधिकारियों की टीम ने उर्वरक विक्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

# उर्वरकों का अवैध भंडारण एवं विक्रय करने पर दर्ज कराई गई एफआइआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

कलेक्टर एवं उपसंचालक कृषि कटनी के निर्देशानुसार नगर पंचायत बरही एवं ग्राम पंचायत खितौली में अनुभागीय कृषि अधिकारी श्रीमती पूनम गर्ग एवं उनकी टीम द्वारा उर्वरक विक्रय संस्थानों का भौतिक निरीक्षण किया गया जिसमें उर्वरकों का भौतिक एवं उर्वरक मूल्य सूची बोर्ड की जांच की गई जिसमें कमी पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं को नोटिस जारी किया गया साथ ही उर्वरकों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया उपसंचालक कृषि कटनी के निर्देश अनुसार धानों के विक्रय केन्द्र कुछ सतत निरीक्षण के दौरान शिकायत मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी कृषि कटनी श्रीमती पूनम गर्ग तथा उनकी टीम द्वारा बरही तहसील के ग्राम बम्हौरी में औपचारिक निरीक्षण किया गया जिसमें मनोज साहू की किराना पर रामप्रसाद साहू ग्राम हथेड़ा द्वारा उर्वरकों का अवैध भंडारण करना पाया गया जिसका विक्रय अवैध रूप से किया जा रहा था विशेष को गंभीरता से लेते हुए टीम के द्वारा पुलिस चौकी खितौली में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।



एसडीओ कृषि द्वारा कृषकों को जानकारी देते हुए बताया की खाद उर्वरकों को निर्धारित मूल्य पर खरीदें एवं दुकानदारों से बिल अवश्य प्राप्त करें विक्रेता द्वारा अगर मूल्य से अधिक एवं बिना बिल के मेमो के उर्वरकों एवं खादों का विक्रय किया जाता है तो किसान भाई कृषि विभाग से शिकायत करें उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। श्रीमती गर्ग की टीम में जे एस टेकाम उर्वरक निरीक्षक, एस के जैन एसएडीओ, पंचम गांठे कृषि विकास अधिकारी एवं राम अवतार दांगी कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद रहे।

## डिस्ट्रिक्ट मॉनीटरिंग कमेटी ऑन एसेसिबल इलेक्शन की बैठक आयोजित

# वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्यवस्थाएं कराने पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए और अधिक सुलभ एवं समावेशी चुनावी प्रक्रिया के उद्देश्य से जिला स्तर पर गठित डिस्ट्रिक्ट मॉनीटरिंग कमेटी ऑन एसेसिबल इलेक्शन की बैठक का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते, निधि सिंह गोहल अनुविभागीय अधिकारी ढीमरखेड़ा, राकेश चौरसिया अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबंद, पी.पी.सिंह जिला शिक्षा अधिकारी, जागेश्वर पाठक राजस्व अधिकारी नगर पालिक निगम एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग निःशक्तजन विभाग के (प्रतिनिधि) तथा अशासकीय सदस्य मनोज कहार साईटसेवर संस्थां व ब्रजकिशोर पाल अध्यक्ष दिशा दिव्यांग संगठन उपस्थित रहे।



बैठक में दिव्यांग मतदाताओं की मतदान केन्द्रवार मैपिंग और अद्यतन डेटा का रखरखाव, सुगम मतदाता जागरूकता अभियान, सक्षम बाधा मुक्त वातावरण तैयार करने पर चर्चा हुई।

इसके साथ-साथ दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए क्यूलेस व्यवस्था, सहायक की व्यवस्था, रैम्प, व्हील चेयर, सहित होम वोटिंग की व्यवस्था और ब्रेललिपि बैलेट पेपर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के मामले पर भी व्यापक विचार- विमर्श हुआ।



### जिला जेल में किया गया योग दिवस का पूर्वाभ्यास

जिला जेल में नोडल आनंदम, मुख्या कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत के निर्देश पर एवं जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में 21 जून को 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु बंदियों द्वारा पूर्व योगाभ्यास सुबह 6.30 बजे से किया गया। यह पूर्वाभ्याोस आनंद विभाग, जिला जेल प्रशासन एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्तस तत्वापवधान में योगाचार्य नरेंद्र तिवारी की उपस्थिति किया गया। इस योगाभ्यास में जिला जेल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अतिरिक्त अनिल कांबले, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर, आनंद विभाग, दीप्ति श्रीवास्तव जेल शिक्षिका एवं अन्य की उपस्थिति रही।

# विद्युत आपूर्ति एवं लो वोल्टेज की समस्या का कराएं निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगरपालिक निगम सम्मिलन में गत दिवस सदन के सदस्यों नें अपने-अपने क्षेत्र में विद्युत संबंधी समस्याओं पर चर्चा कीं जिस पर परिषद की बैठक कुछ देर के लिए स्थगित कर मुड़वारा विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो में व्याप्त विद्युत आपूर्ति की समस्या के निराकरण हेतु उर्जा विभाग के अधीक्षण अभियंता एवं सहायक यंत्रियों को आयोजित बैठक में बुलाकर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डो में व्याप्त विद्युत आपूर्ति एवं लो वोल्टेज की समस्या से अवगत कराते हुए समस्या का निराकरण करानें के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान विधायक द्वारा सदन में उपस्थित शहर के 45 वार्डो के पार्षदों से उनके वार्डो में व्याप्त विद्युत आपूर्ति की समस्याओं की जानकारी एक-एक कर ली गई,तथा ऊर्जा विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों को समस्याओं को नोट कर इस भीषण समस्या का शीघ्र निराकरण कराते हुए नागरिकों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

### आज फिर होगी सामूहिक बैठक

विधायक जायसवाल ने नगर निगम के विद्युत विभाग के अधिकारियों को वार्डो का निरीक्षण कर उक्त समस्या के निराकरण हेतु ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर इस विद्युत आपूर्ति की समस्या के निराकरण हेतु आवश्यक सर्वे आदि की कार्यवाही पूर्ण कराते हुए 20 जून को नगर निगम एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारियों की सामूहिक बैठक आयोजित करने के निर्देश बैठक के दौरान दिए।

## खबर संक्षेप



### अतिक्रमण हटानें के लिए अभियान चलाकर की गई कार्यवाही

**कटनी**। नगर पालिका निगम, कटनी द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाकर नागरिकों के बेहतर आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने तथा सार्वजनिक स्थानों की सुगमता बनाए रखने के उद्देश्य से निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में सुभाष चैक से रेलवे स्टेशन तक मार्ग के अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से की जा रही है । नगर निगम के अतिक्रमण विभाग द्वारा की जा रही इस कार्यवाही का उद्देश्य किसी भी व्यापारी या नागरिक की भावनाओं को ठेस पहुँचाना नहीं, बल्कि सभी के लिए समरूप सुविधा और सामूहिक हित सुनिश्चित करना है। यह अभियान स्वच्छ, सुचारु और व्यवस्थित नगर की दिशा में एक आवश्यक है। इसमें नागरिकों के भी सकारात्मक सहयोग की अपील की गई है।

### सफाई एवं बीमारियों की रोकथाम के प्रयास

**कटनी**। वर्तमान गीष्म ऋतु के दौरान उत्पन्न होनें वाली मच्छरजनित एवं संचारी बीमारियों के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न वार्डो के मुख्य एवं अन्य मार्गो सहित नाले- नालियों की समुचित सफाई व्यवस्था के साथ ही कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर पर की जा रही सफाई व्यवस्था के तहत बस स्टेंड संपूर्ण परिसर, कटनी नदी पुल, गोल बाजार, सुभाष चौक मेन रोड़, झंड़ा बाजार, मिशन चौक सहित नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो, तिराहों, चैराहों, डिवाइडर आदि की सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। वहीं रोड में स्वीपिंग मशीन के माध्यम से पुरानी कचहरी से एम.जी.एम होते हुए गणेश चैक, व्हीआईपी रोड़ एवं स्टेशन से मार्गो की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें के प्रयास किये गए। जबकि मच्छरों पर नियंत्रण हेतु उपनगरीय क्षेत्र स्थित आचार्य कृपलानी वार्ड की समदडिया कॉलोनी सहित विभिनन मार्गो में फागिंग मशीन से रासायनिक धुए का छिड़काव कार्य किया गया।

### 26 को वाहन रैली, 27 को निकलेगी रथयात्रा



**कटनी**। जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा महोत्सव 27 जून 2025 को होने जा रही है जिसकी शुरुआत मातृशक्ति द्वारा 26 जून को वाहन रैली से की जाएगी। जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी आप सभी महिला मंडल जगन्नाथ महिला मंडल, यूथ कटनी नारी शक्ति, श्री काल भैरव समिति, शिव शक्ति महिला मिलन ग्रुप, महिला मंडल परिवार की एवं समस्त मातृशक्ति ने बैठक उपस्थित उपस्थित होकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। जगदीश स्वामी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सरावगी ने रथयात्रा के बारे मे पूरी जानकारी दीं। महापौर श्रीमति प्रीती संजीव सूरी ने नगर निगम की ओर से पूरी सफाई, पानी का सहयोग करें का वादा किया। बैठक का संचालन शिव सोनी ने व आभार रथयात्रा महोस्तव समिति के अध्यक्ष विजय ठाकुर ने किया में मुख्य रूप से श्री जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट समिति के पदाधिकारी सदस्य एवं मातृशक्ति के रूप में। सभी की उपस्थिति रही आगामी सभी कार्यक्रमों में आप सभी से एवं नगर वासियों से एवं सभी भक्तजनों से यह आग्रह करते है कि वाहन रैली में पहुंचकर बनाने में अपना योगदान देने का कष्ट करें अधिक संख्या में पहुंच कर वाहन रैली को सफल बनाएं एवं आगामी सभी कार्यक्रमों में सम्मिलित होने अपील की है।

## बैचया में हुई झमाझम बारिश के बाद भी कलेक्टर ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

# लोक सुनवाई में छाए रहे सड़क, बिजली एवं पानी की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम बचैया में गुरुवार को आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ही शुरू हुई झमाझम बारिश के बीच कलेक्टर दिलीप कुमार यादव को ग्रामीणों ने खुल कर अपनी समस्याएं और शिकायतों से अवगत कराया।

कलेक्टर श्री यादव ने भी आस-पास एवं दूरदराज क्षेत्रों से आए 65 ग्रामीणों से जीवंत-संवाद कर धैर्य और इत्मिनान से समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। लोक सुनवाई में ग्रामीणों ने सड़क, भवन, पानी, बिजली ट्रांसफार्मर जैसी जरूरतों की मांग संबंधी आवेदन पत्र कलेक्टर श्री यादव को सौंपे। इसके अलावा राजस्व आवेदन पत्रों में सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, ई-केवाईसी आदि से संबंधित समस्याएं कलेक्टर को प्रमुखता से बताईं गईं।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और एस डी एम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया भी मौजूद रहे।



### भू-आबादी में नाम दर्ज करायें

लोक सुनवाई के दौरान भू -आबादी में नाम दर्ज कराने संबंधी 4-5 आवेदन पत्र प्राप्त हुये । यहां ग्राम बचैया निवासी कमलेश बर्मन पिता रमेश प्रसाद, नरेन्द्र कुमार नुनिया पिता आनंद प्रसाद, संत कुमार नुनिया पिता आनंद प्रसाद एवं कल्लू लोधी पिता बुद्धूलाल ने अपने-अपने आवेदन देते हुए बताया कि हम लोग यहां 60 के दशक से रह रहें हैं। भूमि हमारे कब्जे में है परंतु हमें भू-आबादी का पट्टा नहीं मिल पा रहा है। हम सभी पट्टा विहीन है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार को समय-सीमा में नियमानुसार कार्यवाही कर शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए।

बचैया निवासी सुरेंद्र सिंह ने कलेक्टर श्री यादव को बताया कि मेरी भूमि जो मैंने पंजीकृत विक्रयपत्र के द्वारा क्रय की है उस पर बसंत सिंह पिता रघुवीर सिंह द्वारा कब्जा कर लिया गया था। मैंने भूमि का विधिवत सीमांकन करवाया एवं तहसीलदार के समक्ष आवेदन दिया। तहसीलदार द्वारा मेरे पक्ष में फैसला दिया गया परंतु अभी तक मुझे कब्जा प्राप्त नहीं हो सका हैं। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को समय-सीमा में शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

वन भूमि बताकर किया जा रहा परेशान

बचैया निवासी मनोज कुमार ने आवेदन देते हुए बताया कि मैं भूमिहीन हूँ एवं शासकीय भूमि पर काबिज हूँ। इस भूमि पर कृषि कर मैं जीवन यापन करता हूँ परंतु, वन विभाग द्वारा इस जमीन को वन भूमि बताकर खाली करने कहा जा रहा है। हमारे पास इस भूमि के अतिरिक्त जीवन यापन का कोई अन्य साधन नहीं है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को समय-सीमा में समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# हितग्राहियों को 56.28 लाख रुपये की पेंशन राशि वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**नगर निगम के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का हो रहा सफल क्रियान्वयन**

जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना सहित सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी में संचालित विभिन्न 11 प्रकार की सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजनाओं से बीते मई माह मे 9 हजार 380 हितग्राहियों को 56 लाख 28 हजार 200 रुपये की पेंशन राशि वितरित की गई है।

नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने बताया कि माह मई में नगर निगम कटनी के विभिन्न 45 वार्डो के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 2 हजार 775 हितग्राहियों को 16 लाख 65 हजार रुपये प्रदान किये गए हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत नगर निगम सीमांतर्गत 2 हजार 373 हितग्राहियों को 14 लाख 23 हजार 800 रुपये की पेंशन राशि वितरित की गई है। जबकि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना के तहत 206. हितग्राहियों को 1 लाख 23 हजार 600 रुपये की पेंशन सहायता राशि का वितरण किया गया है।

### पेंशन राशि का वितरण

मानसिक बहुविकलांग पेंशन योजना के तहत 270 हितग्राहियों को 1 लाख 62 हजार रुपये, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के तहत 39 हितग्राहियों को 23 हजार 400 रुपये, सामाजिक सुरक्षा वृद्धाश्रम पेंशन योजना के तहत 140 हितग्राहियों को 84 हजार रुपये, सामाजिक सुरक्षा परित्यक्ता पेंशन योजना के 65 हितग्राहियों को 39 हजार रुपये, सामाजिक सुरक्षा निःशक्त पेंशन योजना के 1 हजार 194 हितग्राहियों को 7 लाख 16 हजार 400 रुपये, सामाजिक सुरक्षा दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन राशि योजना के तहत 267 हितग्राहियों को 1 लाख 60 हजार 200 रुपये, मुख्यमंत्री अविवाहित पेंशन योजना के 21 हितग्राहियों को 12 हजार 600 रुपये, मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन योजना के 2 हजार 30 हितग्राहियों को 12 लाख 18 हजार रुपये की पेंशन राशि का वितरण किया जा रहा है। उल्लेखित सभी पेंशन योजनाओं में प्रति हितग्राही प्रतिमाह 600 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है। जबकि राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत एकमुश्त 20 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाती है।

**पत्नी को नहीं भेजने एवं बात नहीं करने देने थे नाराज था दामाद**

# ससुर को मौत के घाट उतारने वाले दामाद को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दामाद के द्वारा अपने ही ससुर की बेरहमीपूर्वक हत्या कर दी गई। घटना के बाद दामाद फरार हो गया। हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर मामले को जांच में लिया। आरोपित दामाद को जबलपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल यह खूनी खेल दामाद ने इसलिये खेला था क्योंकि मायके में रह रही पत्नी से ससुर मिलने, बात करने नहीं दे रहा था। तैस में आकर दामाद ने हत्याकांड को अंजाम दे दिया। पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के तथा एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमति आकांक्षा चतिर्वेदी के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र शर्मा की टीम ने आरोपी को जबलपुर से गिरफ्तार कर लिया है।

### खेत में जाकर की हत्या

पुलिस के मुताबिक 17 जून को शिवकुमार पिता मिहीलाल चौधरी निवासी ग्राम सिजहरी ने सूचना दी कि उसका भाई रामबरन उर्फ बेडी चौधरी रोज की तरह 16 जून 2025 की रात 11 बजे घर से उरदा की रखवाली करने अपने खेत गया था। 17 जून की सुबह 07 बजे बेडी चौधरी खेत में बनी मडैया के बाहर खटिया में मृत हालत में मिला। उसके सिर व माथे पर गहरी चोटें थी। सूचना पर बहोरीबंद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू की। कार्यवाही करते हुए मौके पर एफएसएल विशेषज्ञ, फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ तथा डाग स्काड को बुला कर जाँच की गई।

संदेह के आधार पर मृतक के दामाद मोनू पिता हुकुमचंद चौधरी उम्र 27 साल निवासी ग्राम गुरजी थाना सिहोरा जिला जबलपुर को जबलपुर से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई तो मोनू चौधरी ने उसकी पत्नी को ससुर बेडी चौधरी व्दारा ससुराल नहीं भेजने एवं फोन से बात नहीं कराने की बात बताई। इसी बात से क्रोधित होकर 16 जून की रात 11 बजे वह घर ग्राम गुरजी से कुल्हाडी लेकर मोटरसाईल से चल कर रात्रि 01 बजे ग्राम सिजहरी पहुंचा और उडद के खेत में सोए ससुर रामबरन उर्फ बेडी चौधरी को कुल्हाडी से चार-पाँच बार सिर में मारकर कुल्हाडी खेत में फेक कर वापस घर भाग गया।

ससुर की हत्या स्वीकार करने पर मोनू चौधरी की निशादेही में घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल तथा घटना के समय पहने कपडे ग्राम गुरजी व दर्शनी से जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में निरी. सुरेद्र शर्मा, सउनि ध्रुव सिंह, प्र. आर. रमेश सिंह, आर. कोमल शॉ, अतुल, दीपक सिंह, आशुतेष सिंह की विशेष भूमिका रही।

## उप स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण, पंचायत भवन का भूमिपूजन



बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने ग्राम गुंडा में बने उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया साथ ही ग्राम पंचायत भवन का भूमिपूजन किया । विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह,मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया,पूर्व मंडल अध्यक्ष सुशील साहू , सरपंच साकेत लोनी,जिला मंत्री विजय दुबे ने 49 .14 लाख की लागत से बने उप स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर लोकर्पण किया। साथ ही गुडा में 37 लाख की लागत से बनने वाले ग्राम पंचायत भवन का भूमिपूजन भी किया । ग्राम के युवाओं के आग्रह पर विधायक गुंडा प्राथमिक विद्यालय और माध्यमिक विद्यालय जर्जर भवन का निरीक्षण किया साथ ही तुरंत शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से चर्चा कर गुंडा में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के लिए नवीन भवन का प्रस्ताव बनाने निर्देश किया गया । इस दौरान सरपंच अनिल सिंह बागरी, सरपंच दीनू सिंह ठाकुर, उपसरपंच राहुल राय,मंडल महामंत्री सदन तिवारी,मंडल उपाध्यक्ष अरविंद तिवारी,सोनू दुबे ,शैलेश जैन ,महामंत्री अंकित झरिया आदि उपस्थित रहे।

# सौ दिवसीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मरीजों को पोषण टोकरी वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप यादव और अदाणी सीमेंट बिजनेस कैमोर के चीफ़ प्लांट मैनेजर अतुल दत्ता के निर्देशन व क्लस्टर सी.एस.आर. हेड अदाणी फाउंडेशन ऐनेट एफ बिश्वाश के मार्गदर्शन में अदाणी फाउंडेशन कैमोर सीमेंट वर्क्स की ओर से 100-दिवसीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले स्तर पर 50 पोषण टोकरी और विजयराघवगढ़ ब्लॉक स्तर पर 150 पोषण टोकरी उपलब्ध कराया जाना तय हुआ था।

विजयराघवगढ़ सिविल अस्पताल में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ विनोद और जिला क्षय रोग अधिकारी शैलेन्द्र दीवान के कल सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में आए 60 टीबी मरीजों को पोषण टोकरी वितरित की गई; साथ ही 100 पोषण टोकरियाँ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर और टीबी रोग उन्मूलन के ब्लॉक प्रभारी कृष्णा को सौंपी गई। ज्ञात हो कि अदाणी फाउंडेशन ने 100 दिवसीय राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन अभियान के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य विभाग और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के अनुरोध पर पोर्टेबल एक्सरे मशीन और 200 मरीजों को 6 माह तक पोषण टोकरी उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ली थी जिसके अंतर्गत ब्लॉक के 160 मरीजों हेतु उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अदाणी फाउंडेशन से पंकज द्विवेदी, अमित सोनी, नरेंद्र चौरसिया, जीतू सिंह, अयोध्या तिवारी, पारस पटेल के साथ साथ ग्राम पंचायत बड़ारी के आश्चर्य तिवारी की विशेष भूमिका रही।

**जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में हुए निर्णय**

# शासकीय कर्मियों के लंबित स्वेत्वोंन एवं अन्य मामलों का निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय कर्मियों के लंबित स्वत्वोंर और क्रमोन्नाति, समयमान वेतनमान और एरिएर्स तथा सेवानिवृत्तग कर्मियों के लंबित स्वयत्वों का भुगतान तथा गोपनीय चरित्रावली लिखने जैसे कार्य विभागीय जिलाधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टयर दिलीप कुमार यादव ने गुरूवार को कलेक्ट्रे ट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्त्रीय संयुक्तक परामर्शदात्री समिति की बैठक में दिए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्तेर मौजूद रहे।

कलेक्टचर यादव ने विभिन्नओ विभागों के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन द्वारा कर्मचारियों के लिए दी जाने वाली सुविधाओं, स्वतत्वोंर के भुगतान, समयमान वेतनमान और अनुकंपा नियुक्ति आदि के प्रकरणों के निराकरण के नजरिये से प्रभावी और सार्थक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्हों्ने शिक्षा और स्वा,स्य्ं सहित अन्यभ विभागों में लंबित कर्मचारियों के मामलों की अद्यतन जानकारी के साथ शुक्रवार को कलेक्ट्रे ट सभाकक्ष में सभी विभागों के जिला अधिकारियों को उपस्थित रहने की हिदायत दी।

इस बैठक में कर्मचारियों से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की जाएगी।

बैठक में कलेक्टमर ने सेवापुस्तिका, सामान्यी भविष्यक निधि पासबुक, डीपीएफ पासबुक के संधारण और अंशदायी पेंशन योजना 2005 के अंतर्गत आने वाले शासकीय कर्मियों के सेवा अभिलेखों को अद्यतन करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर श्री यादव ने लंबित क्रमोन्न ति, समयमान वेतनमान के प्रकरणों और लंबित विभागीय जांच व पेंशन प्रकरणों के प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए।

बैठक में सभी एसडीएम, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास, उपसंचालक खनिज संसाधन रत्नेरश दीक्षित, जिला श्रम अधिकारी के बी मिश्रा, जिला पंजीयक पंकज कोरी, कार्यपालन यंत्री पीडब्यू डी शारदा सिंह सहित अन्य विभागों के जिला प्रमुख मौजूद रहे।

## योग दिवस के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर ने की समीक्षा

# जिला से लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर होंगे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



एक पृथ्वी,एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर जिले में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे हर्षोल्लास और मनोयोग से मनाया जाएगा। योग का जिलास्तरीय आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर में होगा। कलेक्टर दिलीप यादव 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 21 जून को होने वाले आयोजन की तैयारी को लेकर समीक्षा की.. इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत,अपर कलेक्टर साधना परस्ते व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहेरिया मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि योग आयोजन के सभी स्थलों पर जनप्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित किया जाय। अंतरराष्ट्रीय योग कार्यक्रम के आयोजन का प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता को बनाया गया है। जबकि नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी और आयुष अधिकारी को नियुक्त किया गया है। योग कार्यक्रम में पतंजलि योग संस्थान, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, स्वयंसेवी संगठन और औद्योगिक संगठनों की भी भागीदारी का आव्हान किया गया है। जिले के सभी नगरीय निकायों और पंचायतों, एनसीसी , एनएसएस, नेहरू युवा केन्द्र में भी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिये गये है।

इसके अलावा सभी शासकीय कर्मचारियों की योगाभ्यास में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शासकीय विभागों की अधीनस्थ संस्थाओं में तथा विद्यालयों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम किए जाना प्रस्तावित हैं। ग्राम स्तरीय कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि के मुख्य आतिथ्य में योगाभ्यास कार्यक्रम किए जाएंगे। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का दूरदर्शन द्वारा ग्रामों तक सीधा प्रसारण किया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री के संदेश का प्रसारण किया जाएगा। ग्राम पंचायतों की ग्राम जल और स्वच्छता समितियों द्वारा भी योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास के अधीन जिले की आगनबाड़ियों में तथा जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों और छात्रावासों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम होंगे।

### ऐसा रहेगा कार्यक्रम

कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष केन्द्र सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" ("Yoga For One Earth, One Health") तय की गई है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को सुबह 6.00 से 6.20 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम एवं जनप्रतिनिधियों के उद्बोधन होंगे। सुबह 6.20 से 6.30 बजे तक भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। सुबह 6.30 से 7.00 बजे तक विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। सुबह 7.00 से 7.45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल का सामूहिक योगाभ्यास सभी प्रतिभागियों द्वारा किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। बैठक में एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा,एस डी एम बहोरीबंद राकेश चौरसिया,एस डी एम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल,जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला श्रम अधिकारी के बी मिश्रा, सी एम एच ओ डा राज सिंह ठाकुर,सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा , शासकीय कन्या महाविद्यालय डॉ चित्रा प्रभात सहित अन्य अधिकारी और संस्थाओं के प्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### दस्तावेजों का परीक्षण 30 जून तक

**कटनी**। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्साक शिक्षा विभाग भोपाल ने कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित समूह 5 के अंतर्गत ए.एन.एम. (महिला बहुउद्दे शीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की सीधी भर्ती में उत्ती्र्ण एवं मेरिट प्राप्तर याचिकाकर्ताओं को उच्चनतम न्यासयालय के आदेश के परिपालन में 30 जून तक दस्ता्वेज परीक्षण करवाने के निर्देश दिए हैं। दस्तावेजों के परीक्षण के संबंध में 30 जून तक सुबह 11 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।



पताः बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### 24 जून को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन

**दमोह।** म.प्र. शासन के तकनीकि शिक्षा एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान चलाया जा रहा है जिसके संदर्भ में 24 जून 2025 को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दमोह में प्रातः 10:30 से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिले के अनुसूचित जनजाति के आवदेक जिनकी योग्यता 10वी /आई.टी.आई./स्नातक एवं जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के हो वे अपनी समस्त अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठावे।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**दमोह।** लेखा प्रशिक्षण शाला सागर में 113वां नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र आगामी एक अगस्त से प्रारंभ होगा। इसके लिए संभाग अंतर्गत समस्त जिलों के कार्यालय प्रमुख लिपिक संवर्ग कर्मचारियों के आवेदन पत्र 22 जुलाई तक प्रेषित कर सकेंगे। यह सत्र 15 अक्टूबर तक संचालित होगा। प्रवेश तिथि को एक वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण करने वाले नियमित लिपिकवर्गीय कर्मचारी प्रशिक्षण के लिए पात्र हैं। लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक कर्मचारी को हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा अथवा सीपीसीटी परीक्षा के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर में डिग्री या एक वर्षीय कम्प्यूटर में पीजीडीसीए या डीसीए उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### वरिष्ठ नागरिक कंछेदी लाल चौरसिया (पंडा) का देवलोकगमन

**सलेहा।** 19 जून 2025, प्रातः 9:40 बजे, श्री कंछेदी लाल चौरसिया (पंडा जी), निवासी पटना तमोली, का 83 वर्ष की आयु में देवलोकगमन हो गया। वे एक धार्मिक प्रवृत्ति के सज्जन, समाजसेवी और संस्कारवान व्यक्तित्व के धनी थे।

### विनीत नागायच प्रभारी सी एम ओ नगर परिषद पवई नियुक्त

पवई। नगरीय निकाय एवं आवास विभाग, भोपाल मध्यप्रदेश शासन द्वारा किए गए स्थानांतरण मे सी एम ओ नगर परिषद पवई तबस्सुम खान का तबादला किया गया। साथ ही अगले आदेश मै पवई मै पदस्थ सहयक ग्रेड 1 विनीत कुमार नागायच को प्रभारी सी एम ओ नगर परिषद, पवई नियुक्त किया गया।

## सरकारी भवनों में टूटे पड़े पाइपलाइन भू- जलस्तर बढ़ाने के प्रयास नहीं, व्यर्थ बहेगा पानी

# बारिश के पानी को सहेजने भवनों में नहीं बन पाया वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम







हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

बरसाती जल को जमीन में पहुंचाने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए चर्चाएं तो बहुत होती हैं पर इसे जमीनी स्तर पर लाने के लिए अभी तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं, बल्कि वर्ष 2017 में तत्कालीन कलेक्टर ने गिरते जलस्तर को भांपते हुए शासकीय कार्यालयों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जाने के निर्देश भी जारी किए थे, लेकिन 8 वर्ष बाद भी सरकारी कार्यालयों में इस ओर ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। जबकि मकानों में सिस्टम बनाने की अनिवार्यता पहले से है ये जबावदेही नगर परिषद को दी गई है मानसून की शुरुआत हो चुकी हैं, तो इस साल भी बरसात का पानी व्यर्थ बह जाएगा और जमीन प्यासी रह जाएगी। जबकि पानी के महत्व को हर कोई जानता है। हालांकि भूमिगत जलस्तर बढ़ाने एवं जल संरक्षण को लेकर शासन द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए भले ही तमाम प्रकार के अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन जल संरक्षण एवं भूमिगत जलस्तर बढ़ाने में स्थानीय प्रशासन रुचि नहीं ले रहा है।

### कहीं भी नहीं होता नियमों का पालन क्योंकि अधिकारी देते ध्यान

सरकार ने बारिश का पानी धरती में उतारकर भू-जलस्तर बढ़ाने के लिए भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य किया है। लेकिन यहां पर ऐसा नहीं होता दिखाई दे रहा है जल को संरक्षित करने के प्रति नगर परिषद प्रशासन का ध्यान नहीं है। पिछले आठ साल से भवन जरूर बन रहे है लेकिन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का शुल्क तक जमा नहीं कराया गया है इस वजह से बारिश का पानी छतों से नालियों में व्यर्थ बह रहा है। नगर परिषद द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की शर्त पर ही नए भवनों की अनुमति दी जाती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी जांच नहीं करते हैं। बताया गया है कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2009 से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लागू किया। जिसमें 1500 वर्गफीट में बनने वाले मकान पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य कर दिया। इसके लिए नगरीय क्षेत्रों में भवन निर्माण के दौरान वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए अनुमति के पहले फीस जमा कराई जाती है लेकिन पिछले आठ वर्ष से भवन जरूर बने है लेकिन वॉटर सिस्टम को लेकर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। इससे न सिर्फ भू-जलस्तर को बढ़ाने की योजना फेल हो रही है बल्कि बारिश का पानी भी पूरी तरह से व्यर्थ बह रहा है। इस सिस्टम का पालन निजी, शासकीय किसी भी निर्माण में नहीं किया जा रहा है। जिससे भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी नहीं हो पा रही है। सिर्फ आदेश कागजो पर ही दौड़ते हुए नजर आ रहे है। अधिकारियो द्वारा भी निगरानी नहीं की जा रही है और निर्माण मनमानी से हो रहे है।

### सिर्फ गड्डा खोदकर की जा रही खानापूर्ति

निर्देशों पर करीब 8 साल पहले नगर परिषद में सिस्टम बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन यहां भी सिर्फ गड्डा खोदकर कार्य की खानापूर्ति कर दी गई। हालांकि ब्लॉक के सरकारी भवनों में इस नियम का पालन नहीं किया गया है। जिसमें नगर परिषद, तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत, आरईएस कार्यालय, आजीविका मिशन कार्यालय, जन शिक्षा केंद्र बीआरसी कार्यालय, कृषि उपंज मंडी, स्वास्थ्य केंद्र, थाना, मिट्टी परीक्षण केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लोक सेवा केंद्र, वन परिक्षेत्र कार्यालय, महिला बाल विकास, पशु चिकित्सालय, शासकीय कॉलेज, हाईस्कूल सहित सभी सरकारी स्कूल भवनों में भी अब तक वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाए गए हैं।

### शुल्क लेने के बाद भी नहीं दे रही ध्यान

नगर परिषद द्वारा दी जाने वाली मकान निर्माण की स्वीकृति में भी वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण नियमानुसार जरूरी है। इसके लिए नगर परिषद द्वारा मकान की अनुमति देने के दौरान निर्माणकर्ताओं से शुल्क जमा कराया जाता है। वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने पर नगर परिषद द्वारा यह राशि लौटने का भी प्रावधान है। नगर के लोगों के हजारों रुपए नगर परिषद के पास जमा हैं, लेकिन किसी के द्वारा भी राशि वापसी की मांग नहीं की गई है। नगर के कितने भवनों में सिस्टम लगाए गए है, इसका रिकॉर्ड नगर परिषद के पास नहीं है।

### क्या है वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कोई मशीन नहीं है बल्कि पानी को एकजाई करने की एक सरल प्रक्रिया है। जिसमें भवन निर्माण के समय छत सहित घरों से निकलने वाली नालियों को एकजाई कर दिया जाता है और एक पाईप में डाल दिया जाता है। इस पाईप को घरों के बाहर या भीतर एक गड्ढे में उतार दिया जाता है। ऐसे में बारिश के दौरान घरों की छतों से बहने वाला पानी व्यर्थ नालियों में बहकर उस गड्ढे में पहुंच जाता है। इससे यह पानी सीधे जमीन के भीतर पहुंच जाता है जो भू जलस्तर को बढ़ाने का काम करता है।

### सरकारी भवनों पर ही नहीं किया फोकस

वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सिर्फ नपा के ध्यान से नहीं बल्कि शासन प्रशासन के भी ध्यान से उतर गया है। सरकारी बिल्डिंगों में इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। शहर सहित ग्राम पंचायतों में बन रहे सरकारी आवास, कार्यालय व अन्य बिल्डिंगों में भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को कम ही इस्तेमाल में लाया जा रहा है। जहां पाइप लगाए गए है वे टूट गए है। जिनका दोबारा सुधार कार्य भी नहीं कराया गया है साथ ही बन रही नई बिल्डिंग में भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का पालन नहीं किया जा रहा है।

### क्या है वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

बारिश के मौसम में जो पानी बरसता है, वह बह कर सीधे नालियों के रास्ते से चला जाता है। आजकल ज्यादातर जगह सीमेंटेड होती है, लिहाजा यह जल जमीन के अंदर नहीं जा पाता। वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली में भवन निर्माण के समय ड्रम के आकार का गड्ढा खोदा जाता है। जिसमें रेत, कोयला व नमक डालकर इसमें छत की पाइप लाइन लाकर जोड़ दी जाती है। इससे वर्षा जल इस गड्ढे के माध्यम से जमीन के अंदर जाता है और भू-जल स्तर नीचे नहीं जा पाता।

## संभागायुक्त ने सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों को पीपीओ किए वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संभागायुक्त डॉ वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा जिले में पेंशन प्रकरणों का निराकरण अभियान के दौरान किया गया है, यह एक अच्छा प्रयास है, मैं जिला कलेक्टर और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा जिले में बड़ी गंभीरता से इस कार्य को आप लोगों ने प्रकरण तैयार कर किया है और आज सेवानिवृत अधिकारियों और कर्मचारियों को पीपीओ का वितरण किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा जो प्रकरण शेष है उनका भी शीघ्र निराकरण सुनिश्चित कर लिया जाए। संभागायुक्त डॉ रावत ने कहा पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए संभाग में एक अभियान चलाया गया। संभागायुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को पीपीओ वितरित करते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों का पुष्प माला से सम्मान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी। इस दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, वनमण्डलाधिकारी ईश्वर जरांडे, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश ठाकरे, अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा संभागायुक्त सर के निर्देश थे कि सेवानिवृत अधिकारी-कर्मचारियों के समय पर पीपीओ जारी हो जाए, जिसके परिपालन में जिले में पेंशन अधिकारी ने अच्छा कार्य किया है और आज सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को पीपीओ का वितरण किया जा रहा हैं। पेशन अधिकारी नम्रता शुक्ला ने बताया कमिश्नर सर ने पेंशन प्रकरण संबधी अभियान चलाया था, अभियान अंतर्गत 26 मई को दमोह जिले में 94 केस प्रति रक्षित पीपीओ जारी होना था, आज दिनांक तक 58 पीपीओ जारी किये गए हैं, 20 प्रकरण ऐसे हैं जो कोर्ट केस सहित अन्य प्रकरण के कारण लंबित है। 04 प्रकरण में आईएफएमएस में प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। केवल 16 केस कार्यालय स्तर पर लंबित हैं। उन्होंने बताया इनका भी शीघ्र निराकरण कर लिया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम अब कन्या हाई स्कूल में होगा आयोजित- बीईओ

**शाहनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित होने वाला विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम जो विगत 2015 से अब तक एक्सीलेंस स्कूल शाहनगर ( सांदीपनि विद्यालय शाहनगर में आयोजित होता आ रहा है पूर्व तय कार्यक्रम अनुसार भी यह महत्वपूर्ण आयोजन यही पर निर्धारित था इसी दौरान बीईओ (खंड शिक्षा अधिकारी) ने निरीक्षण के दौरान स्थान का अभाव व साफ सफाई की कमी के चलते स्थान परिवर्तन हेतु आदेश जारी कर विकासखण्ड योग समिति को पूर्व तैयारी हेतु निर्देशित किया। पूर्व निर्धारित स्थल में परिवर्तन करते हुए अब यह कार्यक्रम शासकीय कन्या हाई स्कूल शाहनगर में आयोजित किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी सूचना में सभी शासकीय एवं अशासकीय शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की गई है।कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस में योग के प्रति जागरूकता फैलाना एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

## सिकल सेल दिवस पर विशेष जाँच शिविर संपन्न



**दमोह।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. रीता चटर्जी ने बताया दमोह जिले के जिला अस्पताल के डीईआईसी बाल संजीवनी भवन में विश्व सिकल सेल दिवस अंतर्गत एक विशेष जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 13 बच्चों की जांच की गई, जिसमें अंजली अहिरवाल नामक एक वर्षीय बच्ची भी शामिल थी, जो सिकल सेल रोग से ग्रसित पाई गई। विकासखण्ड तेंदूखेडा. के सलैया ग्राम की अंजली पिता छोटेलाल अहिरवाल को जिला अस्पताल का कार्ड बनाकर दिया गया, जिससे उसे समय-समय पर आवश्यकतानुसार निःशुल्क रक्त मिल सके।

## संभागायुक्त डॉ. रावत पहुँचे ग्राम आनू



**दमोह ।** संभागायुक्त सागर संभाग डॉक्टर वीरेंद्र सिंह रावत जिले के ग्राम आनु पहुंचे। उन्होंने यहां पर खेत तालाब निर्माण कार्य का अवलोकन किया और हितग्राही बालकिशन पटेल से चर्चा की। उन्होंने किसान से खेत तालाब के संबंध में जानकारी ली और इसके फायदे के बारे में जाना। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर विशेष रूप से मौजूद रहे। संभागायुक्त डॉ रावत ने जिले में खेत तालाब योजना के तहत बन रहे खेत तालाब का निरीक्षण करने के साथ ही काम में प्रगति लाने के निर्देश दिए और कार्य तेजी से पूर्ण करने के लिए कहा। इस दौरान डॉ रावत ने खकरी निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। इसी ग्राम में किसान दुर्गा पटेल के खेत पर पहुंचकर संभागायुक्त ने कपिलधारा कूप का अवलोकन किया और किसान दुर्गा पटेल से चर्चा की। यहां पर कूप के समीप ही रिचार्ज पिट भी बनाया गया हैं, के संबंध में किसान से चर्चा की और उसके खेत में उत्पादित हो रहे सब्जियों के बारे में जाना। किसान दुर्गा ने बताया कि उसके खेत में पर्याप्त मात्रा में सब्जी का उत्पादन हो रहा है और उसके कूप में 12 माह पानी रहता है शासन की योजना के तहत प्राप्त से कूप से किसान दुर्गा पटेल ने खुशी जाहिर की बताया कि वह पूरे साल सब्जी-भाजी की खेती कर रहे हैं। इस अवसर पर एसडीएम आर एल बागरी, सीईओ जनपद पंचायत हलधर मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## माधवराव सप्रे जी की 154वी जयंती समारोहपूर्वक मनाई



**दमोह।** माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया, जिला-दमोह में माधवराव सप्रे जी की 154वी जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। महाविद्यालय के सभाकक्ष में कार्यक्रम का प्रारंभ द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ द्वारा सप्रे जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 विनय कुमार वर्मा द्वारा इन्हें पथरिया नगर का गौरव बताते हुये कहा कि उन्होनें देश और दुनिया में पथरिया की कीर्ति पहुँचायी है। महाविद्यालय के प्राध्यापक शेखताज हसन, डॉ0 खुदैजा परवीन अंसारी, चिन्मय सेन द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 हरीओम सोनी तथा आभार सत्यनारायण लड़िया, क्रीडा अधिकारी द्वारा व्यक्त किया गया।

## हरे भरे वृक्ष मंडल के रूप में हमेशा रहेगा-कलेक्टर

**दमोह।** सदगुरुदेव भगवान स्वामी स्वामी श्रवणाणंद सरस्वती जी महाराज के मार्गदर्शन में सत्संग मंडल दमोह द्वारा सरस्वती कॉलोनी दमोह के नवसृजित बगीचे में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सुधीर कोचर ने कहा यह कार्यक्रम एक नवीन दिशा में आगे बढ़ेगा और भविष्य में यह आनंद मंगल, हरे भरे वृक्ष मंडल के रूप में हमेशा रहेगा। इस अवसर पर पंडित नीलमणि दीक्षित ने कहा जिस तरह से वृक्षों का जीवन परोपकार के लिए होता है ठीक उसी प्रकार संतों का भी संपूर्ण जीवन परोपकार के लिए होता है। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार नरेन्द्र दुबे ने कहा संत जन हमेशा अपने गुरुजनों की मान प्रतिष्ठा ही चाहते हैं वह अपने आप को प्रतिष्ठित नही करना चाहते। इस कार्यक्रम में सुशील नामदेव, डॉ अलोक सोनवलकर, नील मणि दीक्षित, विक्रम सिंह, राजेश दुबे, दीपक सिंघानिया, रमेश व्यास, डॉ राजेश पौराणिक, ओ पी श्रीवास्तव, अमित अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, अनिल मिश्रा, आदित्य चौरसिया, मोहन राय, अमित अरेले, राकेश उपाध्याय, संजय पाठक, कॉलोनीवासी, आनंद सत्संग मंडल, आनंद विभाग, जन अभियान परिषद, प्रयास पर्यावरण दल, मातृशक्ति ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन सुमित अरेले मुकेश मिश्रा द्वारा किया गया। आनंद सत्संग मंडल द्वारा आभार व्यक्त किया गया। सरस्वती कॉलोनी और भक्त मंडल के साथियों ने बगीचे में बेंच स्थापित करने की बात कही।

## ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन 5 जुलाई तक, 26 पंजीयन केंद्रों में होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

वर्ष 2025 विपणन वर्ष 2025-26 में प्राईस स्पोर्ट स्कीम योजना अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 05 जुलाई 2025 तक ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द के पंजीयन किये जायेंगे। इस सबंध में उप संचालक कृषि जेएल प्रजापति ने बताया जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द पंजीयन हेतु जिला उपार्जन समिति द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार 26 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया हैं। पंजीयन केन्द्रों में तहसील दमोह में सेवा सहकारी समिति पिपरिया, अर्थखेड़ा, अभाना, बिजौरी एवं बालाकोट केन्द्रों का निर्धारण किया गया हैं। इसी प्रकार तहसील जबेरा में सेवा सहकारी समिति जबेरा, बिजौरा, रौंड़ एवं सिंग्रामपुर केन्द्रों का निर्धारण किया गया हैं। इसी प्रकार तहसील तेन्दूखेड़ा में सेवा सहकारी समिति सांगा, झलोन, तेजगढ़ एवं तारादेही केन्द्रों का निर्धारण किया गया हैं। इसी प्रकार तहसील पथरिया में सेवा सहकारी समिति बोतराई, जेरठ पथरिया, खैजराकलां एवं पिपरिया चंपत केन्द्रों का निर्धारण किया गया हैं। इसी प्रकार तहसील हटा में सेवा सहाकरी समिति हटा, मड़ियादो, एवं हिनौताकलां केन्द्रों का निर्धारण किया गया हैं। इसी प्रकार तहसील पटेरा में सेवा सहकारी समिति पटेरा, पटेरिया एवं कुम्हारी केन्द्रों का निर्धारण किया गया हैं। तहसील बटियागढ़ में सेवा सहकारी समिति बटियागढ़ एवं खड़ेरी केन्द्रों का निर्धारण किया गया हैं। उन्होंने बताया शासन द्वारा कृषकों की सुविधा की दृष्टि से समितियों के अतिरिक्त केन्दों पर भी पंजीयन की व्यवस्था की गई है। साथ ही पंजीयन की निःशुल्क व्य वस्थाब अंतर्गत कृषक स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से पंजीयन हेतु निर्धारित लिंक पर जाकर एवं स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से पंजीयन हेतु निर्धारित लिंक पर जाकर, पूर्व वर्षो की भांति सहकारी समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन किया जा सकेगा। पंजीयन की सशुल्क व्ययवस्थाच (शुल्क राशि 50 रूपये) अंतर्गत एम.पी.ऑनलाईन कियोस्क पर, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्कक पर, लोक सेवा केंद्र पर एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर पंजीयन किया जा सकेगा। एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर,लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर पंजीयन सुविधा एवं शुल्क राशि के संबंध में आवश्य क बैनर प्रदर्शित किये जायेंगे। उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन करने के लिये निर्धारित प्रपत्र में आवेदन, समग्र सदस्य आई0डी0, भू-अधिकार पुस्तिका, खसरा, वनाधिकार पट्टा की प्रति, आधार की प्रति, मोबाईल नंबर की जानकारी (नोट-खसरा ,बैक एकाउन्ट, मोबाईल नंबर आधार से लिंक होना अनिवार्य है)।

सिकमी/बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। उक्त श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों के सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जायेगा।

# आजीविका मिशन के समूहों का 14 दिवसीय कॉस्टयूम ज्वैलरी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी प्रशिक्षण का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



भारतीय स्टेट बैंक आरसेटी दमोह द्वारा 5 जून से 18जून तक 14 दिवसीय कॉस्टयूम ज्वैलरी/ आर्टिफिशियल ज्वेलरी प्रशिक्षण का आयोजन जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत नोहटा के मंगल भवन में आयोजित किया जा रहा था जिसका भव्य समापन बुधवार को जनप्रतिनिधियों, विभागीय कर्मचारियों एवं समूह की महिलाओं की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर अतिथि सरपंच प्रतिनिधि लालसिंह यादव, ब्लॉक प्रबंधक धर्मेन्द्र मिश्रा, अजय शुक्ला, दीपक सोनी, नोहलेश्वर संकुल स्त्तरीय संगठन अध्यक्ष सुनीला सोनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रतिभागियो का असेसमेंट श्रीमती आरती अग्रवाल एवं श्री नामदेव जी असेसर द्वारा किया गया जिसमें सभी महिलाएं उत्तीर्ण रही। कार्यक्रम में प्रतिभागी आरती रेकवार, कीर्ति रेकवार एवं साथियो के द्वारा भाव भरे शब्दों में स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। उसके पश्चात उपस्थित सरपंच साहब और अधिकारियों के समक्ष सभी महिलाओं ने अपना-अपना 14 दिन का अनुभव साझा किया और बतलाया कि प्रशिक्षण में उन्होंने विभिन्न प्रकार के आभूषण जैसे कंगन, चूड़ी, बिंदी, कमरबंद, बाजूबंद, चिकसेट, मोतियों के हार, झूमर और राखियां आदि बनाने के साथ-साथ व्यापार करने की कला एवं आत्मनिर्भर बनना सीखा। ताकि भविष्य में अपना स्वयं का कार्य आरंभ कर सके। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम को आजीविका मिशन ब्लॉक जबेरा के विकासखंड प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा की आज के इस व्यावसायिक युग में महिलाएं निरंतर तरक्की कर रही हैं उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए आजीविका मिशन लगातार प्रशिक्षण दे रहा है। आरसेटी दमोह की निदेशक सुश्री स्वाति भोला के नेतृत्व में एवं ग्राम पंचायत नोहटा की सरपंच श्रीमती सोनम/लाल सिंह यादव जी के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच साहब ने सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी और उपस्थित अधिकारियों के साथ मिलकर महिलाओं को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर आरसेटी दमोह की निदेशक सुश्री स्वाति भोला, फैकल्टी सुधीर नामदेव, देवेंद्र सोनी, मास्टर ट्रेनर श्रीमती आरती बघेल एवं आजीविका मिशन जबेरा के विकासखंड प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा, अजय शुक्ला, दीपक सोनी सहित जनप्रतिनिधि एवं समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

### खबर संक्षेप

## नितिन राजपूत बने करणी सेना परिवार दमोह के जिला अध्यक्ष

**दमोह।** करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर ने मारुताल दमोह निवासी नितिन सिंह राजपूत को दमोह जिला अध्यक्ष बनाया है इनकी इस नियुक्ति से समाज और प्रशंसकों में हर्ष व्याप्त है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नितिन सिंह राजपूत ने कहा कि में अपने परिवार के प्रमुख और हमारे मार्गदर्शक जीवन दादा का हृदय से बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने एक छोटे कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है सामाजिक एकजुटता हेतु करणी सेना परिवार को मजबूती प्रदान करने हेतु सदैव तत्पर करूंगा सभी का आभार। इस दौरान सभी ने नव नियुक्त अध्यक्ष को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

## 21 जून को जिला अस्पताल में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन

**दमोह।** 21 जून दिन शनिवार को जिला चिकित्सालय परिसर के ''डीईआईसी बाल संजीवनी भवन'' में निःशुल्क हृदय रोग जांच व उपचार शिविर सुबह 10 बजे से 2 बजे तक लगाया जायेगा। सीएमएचओ डॉ.आर.के.अठ्या ने बताया कि जिले में आरबीएसके दल द्वारा चिहांकित 0 से 18 वर्ष के हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की जांच शिविर में की जायेगी। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जलज बजाज ने बताया कि ऐसे बच्चे जो कि अधिक कमजोर है, शीघ्र थक जाते है, जिनकी सांस फूलती है, सांस लेने में तकलीफ है, ओठ या नाखून नीली पड़ जाते है वह इस शिविर में आकर निःशुल्क जांच व उपचार करा सकते है। डीईआईसी मैनेजर नरेश राठौर ने दमोह जिले के आमजन-मानस से अपील की यदि आपके परिवार या आस-पास ऐसे कोई बच्चे है जोकि हृदय रोग से पीड़ति है या इससे संबंधित को लक्षण हो तो उन्हें इस शिविर में लाकर निःशुल्क जांच करा सकते है।

## कमेटी की बैठक आज

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार दिव्यांग मतदाताओं की चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता व साक्षेदारी को सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तर पर गठित District Monitoring Committee on Accessible Election (DMCAE) कमेटी एवं विधानसभा क्षेत्र पथरिया-54, दमोह-55, जबेरा-56 एवं हटा-57 स्तर पर गठित कमेटी के सबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा दिए गये निर्देशों के परिपालन में आज 20 जून को शाम 05 बजे से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई हैं। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने बताया सर्वसबंधित अधिकारी निर्धारित दिनांक/समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह हैं।

# बारिश में टापू बन जाते दर्जनों गांव, इन गांव में बने हैं कम ऊंचाई की पुल पुलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले की जबेरा जंप के कई गांव बारिश के दिनों में टापू बन जाते हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश के कारण सड़कें जलमग्न हो जाती हैं और आवागमन बाधित हो जाता है, जिससे मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी मुश्किल होती है। शून्य नदी के किनारे बसे छपरवाहा कछवारा लल्लूपुरा लखनी गांव के भी यही हालात बनते हैं व्यारमा उफनाई तो सड़क मार्ग पर जंगली नाला भी राह में बाधक बनकर इस गांव को चारों ओर से अपने घेरे में ले लेता है। ग्रामीण त्रिलोक सिंह बताते हैं कि वर्ष 2005 में बाढ़ के दौरान गांव टापू बने थे जिसमें लल्लूपुरा गांव खाली कराकर ग्रामीणों को कैंप में शरण दी गई थी। इसके बाद वैसी स्थिति तो नहीं बनी लेकिन बारिश से नदी एवं नालों में बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है सभी मार्ग डूब जाते हैं जिससे यहां के लोग आम दुनिया से कट जाते हैं। अगर कोई व्यक्ति बीमार होता है तो उसे इलाज नहीं मिल पाता इसके साथ ही हर बार बारिश आते ही 2005 की बाढ़ की यादें ताजा हो जाती हैं। यदि इन गांवों में डाउन लेबल के पुल की जगह ऊंचे पुल बना दिए जाएं तो बाढ़ का पानी पुल को नहीं डूबा पायेगा और लोगों को आने-जाने का रास्ता भी मिल जाएगा।





लगातार बारिश होने से व्यारमा नदी की सहायक नदियों और नालों के साथ व्यारमा नदी का बारिश का पानी कुछ गांवों को चारों ओर से घेरकर टापू बना देता है जिससे इन गांवों में रहने वाले लोग बाढ़ से कैद हो जाते हैं। हफ्तों तक इलाज, स्कूल से यहां के लोग वंचित रहते हैं।

जनपद जबेरा में दर्जनों गांव ऐसे हैं जो नदी नालों से सटकर बसे है जिनमें गांव पंचायत मनगुवां घाट, छपरवाह गांव शून्य नदी व जंगली नाले में बाढ़ के चलते टापू बन जाते है। मनगुवां से मौसीपुरा तक का मार्ग डाउन लेबल होने के कारण जरा सी बारिश में बाढ़ का रूप ले लेता है। इसी तरह गांव पंचायत सिमरी जालम का गांव लखनी जो शून्य व धुनगी नदी के बीच बसा हुआ है यह भी बाढ़ के कारण घेरे में आ जाता है। जिससे लखनी गांव के लोग घरों में कैद हो जाते हैं। व्यारमा नदी के तट पर बसे गांव लल्लूपुरा में व्यारमा नदी के बाढ़ का पानी लोगों के घरों तक पहुंच जाता है। इनकी परेशानियों उस दौरान बढ़ जाती हैं जब सड़क मार्ग पर धंसरा व लल्लूपुरा रास्ते पर स्थित जंगली नाला उफना उठता है जिससे यह गांव बाढ के पानी से चारों तरफ से घिर जाता है। यही हाल हरदुआ सुमेर का जहां चौपरा मुख्य सड़क से जोड़ने वाले नाले पर बनी पुलिया नुमा पुल सहित विजय सागर जबेरा मार्ग विजय सागर पुलिया कौरता पारना पर कौरता पटी पुलिया हल्की बारिश के दौरान बाढ़ ग्रस्त होने पर टापू बन जाते है जंप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ सुजान सिंह ने बताया कि इस मार्ग पर ऊंचे पुल निर्माण की आश्यकता है। बरसात के दिनों में टापू बने यह गांवों का जिला मुख्यालय या तहसील मुख्यालय से संपर्क टूट जाता है जनपद सदस्य पंडित गोविंद तिवारी का कहना है रोड सगरा कुसमी मार्ग पर कुसमी बगलवारा के बीच जंगली नाले पर दशकों पहले बनी पुलिया हल्की वारिश में बाढ़ग्रस्त हो जाती और दर्जनों गांव के बच्चे रोड़ हाई स्कूल स्कूल नहीं पहुंच और मरीज रोड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंच पाते हैं और गांवों की स्थिति भी बारिश के दिनों टापू बन जाती है।

## डूमर गांव की परेशानी:हर बारिश में घरों में घुसता पानी, नाली नहीं बनी



**बनवार।** डूमर बस स्टैंड पर हर बारिश में पानी भर जाता है। मुख्य मार्ग पर जमा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। इससे ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ती है। गांव में प्रवेश का यही एक रास्ता है। बारिश में यही रास्ता जलमग्न हो जाता है। ग्रामवासियों ने कई बार विधायक, मंत्री और जनपद अधिकारियों से नाली निर्माण की मांग की। हर बार आश्वासन मिला, लेकिन नाली नहीं बनी। बीते साल भी पानी घरों में घुसा था। तब पंचायत सचिव को नाली निर्माण के निर्देश दिए गए थे। उपयंत्री ने स्थल का निरीक्षण भी किया था। इसके बाद भी एक साल बीत गया, नाली नहीं बनी। हाल ही में हुई हल्की बारिश में भी पानी घरों में घुस गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या वर्षों से बनी हुई है। सरपंच और सचिव से नाली निर्माण की मांग करते हैं। हर बार कहा जाता है कि जल्द निर्माण होगा, लेकिन काम शुरू नहीं होता। हर बारिश का मौसम गांव वालों के लिए मुसीबत बन जाता है।

## गोदाम में डीएपी खाद नही, बाजार में 1600 से 1800 रूपये में मिल रही

**पथरिया।** वैसे तो हर साल की किसानों को खाद की समस्या का सामना करना पड़ता है लेकिन उसके बाद भी शासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नही कराया जाता जिससे कि हर बार किसानों को गोदाम में नही मिलने के कारण बाजार में 1600-1900 तक की बोरी खरीदना पड़ रहा है पर सोचने वाली बात है कि डबल लाक गोदाम में खाद खत्म हो गया पर बाजार में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है सिर्फ 400-500 रूपए अतिरिक्त एक बोरी पर देना होंगे मिल जाएगा किसानों की मजबूरी है कि जरूरत है बोनी करना है तो जहां जितने में मिल जाए लें लेंगे और व्यापारी ऐसे मौका को खोना नही चाहता है वैसे जिम्मेदार जनप्रतिनिधि अगर चाह लें तो अपने क्षेत्र में व्यवस्था कर सकते हैं नही तो जैसी व्यवस्था है उसी प्रकार सब चलता रहेगा पहले रेक आ जाए फिर गोदाम में और फिर टोकन बंटेंगे और फिर कही एक एकड़ जमीन पर एक बोरी उपलब्ध हो पायेगी ऐसी कहानी चलती रहती है। जिला कलेक्टर से मांग है कि पर्याप्त मात्रा में खाद गोदाम पर उपलब्ध हो जिससे किसानों को बाजार से महंगे दामों में ना खरीदना पड़े साथ ही जो मनमाने तरीके से बेच रहे हैं उन पर कार्यवाही हो।

## जब तक नदियां बारहमासी नहीं होगी तब तक बड़ी नदियों का अस्तित्व बचा पाना चुनौती -पंचायत मंत्री



### हमें अपने देवता को पेड़ों में देखना चाहिए और उनकी पूजा करना चाहिए-दादा गुरू गंगा जल संर्वधन अभियान के तहत तेंदूखेड़ा के ग्राम इमलीडोल में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश को नदियों को मायका कहा जाता है, 247 से अधिक नदियों का उद्गम स्थल मध्यप्रदेश मे है, भारत के किसी भी राज्य में इतनी नदियों का उद्गम नहीं है, हमारी नदियों का पानी मॉ नर्मदा, गंगा, गोदावरी के बेसिन में जाता है। आप सभी सौभाग्यशाली है यहॉ गौरेया नदी का उद्गम है, उद्गम का तप इतना है, मेरें गुरू ने कहा था उद्गम पर ऊर्जा रहती है और संगम पर जीवन होता है, उसे कभी कुचलने की गलती मत करना, मैं सभी से आग्रह करता हूॅ इस उद्गम पर फेंसिग करा दी जायेगी, पौधे लगाये-जायेंगे और वहॉ कुंडी भी बनाई जायेगी ताकि लगे कि यह गौरेया नदी का उद्गम स्थल है। इस आशय के उद्गार प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने तेंदूखेड़ा के ग्राम इमलीडोल में गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत आयोजित गरियामय समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा जल ही जीवन है जल है तो कल है, इसे संरक्षित और सहेज कर रखें क्योंकि जल के बिना प्राणियों का जीवन असंभव है इसलिए जल के संरक्षण के साथ जल देने वाले कुॅओ, तालाब और नदी को साफ सुथरा रखे और उन्हें संरक्षित कर अपना और आने वाली पीढियां का उद्धार करने में सहयोग करें।

उन्होंने कहा जब तक नदियां बारहमासी नहीं होगी तब तक बड़ी नदियों का अस्तित्व बचा पाना चुनौती है। मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाये। उन्होंने सभी से पेड़ लगाने का आह्वान करते हुए कहा ग्राम के लोग भी यहां पर पेड़ जरूर लगाए। श्री पटेल ने कहा अपनी पीढ़ी का भविष्य अच्छा चाहते हैं तो हम उन स्थानों को वृक्षो से आच्छादित करेंगे तो आज नहीं तो कल उस स्त्रोत को फिर से संवार जीवित कर सकेंगे यह कोशिश है जिसे सभी को मिलकर करनी चाहिए।

इस अवसर पर मॉ नर्मदा के परम भक्त दादा गुरू जी ने गरिमामय समारोह को संबोधित करते हुए कहा अपने देवता को तुम स्थापित कर रहे हो, जैसे मठ में मूर्ति की स्थापना होती है। वैसे तुम उन पेड़ों में देवता को परमात्मा को ईश्वर को देखना चालू कर दीजिए। एक पेड़ मॉ के नाम गोरैया मैया के नाम उसके तट पर और उसके आसपास अपने हाथों से परिवार के साथ में जैसे मंदिर जाते तो सामूहिक आराधना करते हो। ऐसे ही परिवार, बच्चों के साथ आकर नदी के तट और आसपास सामूहिक रूप से पेड़ लगाएं यही हमारी प्रार्थना है, यही सन्देश है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, एडीशनल एस.पी. संदीप मिश्रा, एसडीएम सौरभ गंधर्व, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन एवं मूरत सिंह लोधी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनीता सिंह, रश्मि साहू, ऋतु साहू, लक्ष्मी नामदेव, तहसीलदार डॉ. विवेक व्यास, जनपद सीईओ मनीष बागरी, एसडीओपी तेंदूखेड़ा देवी सिंह ठाकुर और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### 24 घंटे का ग्रामीणों ने दिया अल्टीमेटम

## चार दिन से मडियादो की कॉलोनी में लाइट न होने से नाराज ग्रामीण



**मडियादो ।** पिछले चार दिनों से मडियादो की इंदिरा कॉलोनी के 100 से अधिक घरों में बिजली सप्लाई बंद है। जिसके बुधवार रात आधा दर्जन युवा सब स्टेशन मडियादो पहुंचे थे लाइट दो की मांग करते हुए नारेबाजी की गई थी। वहीं गुरुवार को युवाओं द्वारा दिन में सब स्टेशन पहुंचकर जे ई अजीत पटेल मडियादो को लिखित आवेदन दिया गया जिसमें ट्रांसफार्मर बदलो और लाइट दो की बात कही गई। अनदेखी करने पर 24 घंटे बाद धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई। आवेदन में लेख किया गया कि चार दिन पहले इन्दिरा कॉलोनी का ट्रांसफार्मर जल गया था जिसके चलते 100 से अधिक घरों में अंधेरा छा गया। स्थानीय स्तर पर सूचना दी गई लेकिन कोई व्यवस्था नहीं की मजबूरन ग्रामीणों को अपनी मांग पूरी। कराने के लिए धरने का सहारा लेना पड़ेगा जिसकी जवाबदारी विभाग की होगी। ग्रामीणों द्वारा बताया कि उमस ओर गर्मी से बच्चों की हालत बिगड़ रही है। वहीं कॉलोनी के घर जंगल से सटी सीमा में बने है जिसके चलते जहरीले जीव निकलते रहते है। अंधेरे में इन जहरीले जीवो का खतरा बढ़ जाता है। आवेदन देने वालो में अजुददी साहू, अजीत खान, नीतेश, जागू , नीरज, सहित अन्य शामिल रहे।

# पुलिस ने गश्त में 157 वारंट तामील किये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मोह पुलिस ने फरार आरोपियां पर बड़ी कार्यवाही की है। गस्त में कुल 157 वारंट तामील कर, 05 से अधिक वर्ष 06 वारंट पुराने तामील किये गये। अपराध नियंत्रित पुलिसिंग हेतु कैलाश मकवाना पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देश पर जिला दमोह में दिनांक 19/06/25 की मध्य रात्रि से प्रातः सात बजे तक श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के गार्गदर्शन तथा संदीप मिश्रा ASP (ग्रामीण), सुजीत सिंह भदौरिया एएसपी (शहर), एसडीओपी हटा, दमोह, पथरिया, तेंदूखेड़ा, समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में कुल 27 पुलिस टीम गठित कर पूरे जिले में कॉम्बिंग गस्त की गई। गस्त के पूर्व रात्रि 11 बजे पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर का भ्रमण कर घंटाघर पर दमोह अनुभाग हेतु गठित टीमों का निरीक्षण किया गया एवं गस्त हेतु निर्देश दिए गए जिनको वायरलेस के माध्यम से जिले के अन्य अधिकारियों एवं टीमों को प्रेषित किया गया। थाना पथरिया अंतर्गत 05 वर्ष या उससे अधिक वर्ष पुराने मामलो के 06 वारंट तामील किये गये। गस्त के दौरान टीमों ने कुल 157 वारंट तामील किए। जिसमे 31 आबकारी, 02 आर्म्स एक्ट, 03 एनडीपीएस एवं 85 स्थाई वारंटी भी शामिल है। कॉम्बिंग गश्त के दौरान थाना कोतवाली अंतर्गत 02 व्यक्ति 15 ग्राम सफेद पाउडर लिये पाये जाने पर गिरफ्तार किये गये। इनमें कोतवाली में स्थायी वारंटी 10, 07 गिरफ्तारी वारंट, 04 आबकारी एक्ट, 07 अन्य एवं दमोह देहात थाना में स्थायी वारंटी 14, 06 गिरफ्तारी वारंट, 03 आबकारी एक्ट, 06 अन्य गिरफ्तार किये।

# राहुल गांधी जी का मनाया जन्मदिवस



**दमोह।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा के प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आई.टी.सेल. ने स्थानीय दीनदयाल पार्क पहुंचकर वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण करते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पर्यवेक्षक जिला प्रभारी डां सासद काले ने कहा कि उन्हे आज बहुत ही प्रसन्नता हो रही है कि वह बुदेलखंड का वह जिला जो हमारा हिन्दुस्तान का केन्द्र है वहॉ वह अपने साथियो सहित अपने युवा नेता का जन्मदिवस मना रहे है जिला कांग्रेस प्रभारी हर्ष यादव, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा, मानक पटेल, संजय चौरसिया, राजेश तिवारी, तिलक सींग, परम यादव, नितिन मिश्रा, विक्रम ठाकुर, आई टी. सेल अध्यक्ष खिल्लु ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, शमीम कुरैशी, धरमवीर राय, शैलेन्द्र ठाकुर ने भी पौधे रोपते हुए पारंपरिक जन्मदिवस का गीत गाकर अपने नेता की दीर्घायु की कामना की।

### वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिलेभर में चलाए गए अभियान का असर

# कॉम्बिंग गश्त अभियान के दौरान तेन्दूखेड़ा पुलिस ने 8 वारंटी तमिल किए

**तेंदूखेड़ा।** अपराधों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिलेभर में चलाए गए विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान का एक बड़ा असर देखने को मिला है। इसमें जिलेभर से एक ही रात में 150 से अधिक वारंट तमिल किए गए हैं इसी बीच तेन्दूखेड़ा थाना प्रभारी नीतेश जैन व पुलिस स्टाफ द्वारा भी कॉम्बिंग गश्त के दौरान आठ स्थाई वारंटी तमिल किए हैं जिसमें 1.धरम पिता प्रहलाद सिंह लोधी उम्र 23 साल, 2.देवी पिता लक्ष्मण सिंह लोधी अमर 32 साल, 3.नरवद पिता डोमन सिंह लोधी उम्र 34 साल, 4.देवी पिता मेघराज लोधी उम्र 24 साल, 5.राजेंद्र पिता मालगुजार लोधी उम्र 28 साल, 6.नन्हे भाई पिता होरीलाल लोधी उम्र 30 साल सभी निवासी ग्राम बम्होरी थाना तेंदूखेड़ा एवं 7.मुकेश पिता बाबूलाल यादव उम्र 40 साल निवासी ग्राम धनगौर तथा 8.लक्ष्मण प्रसाद पिता कंधीलाल झरिया उम्र 29 साल निवासी ग्राम देवरी सरैया थाना पाटन जिला जबलपुर को गिरफ्तार करके कोर्ट भेजा गया। इस अभियान की शुरुआत देर-रात पुलिस महकमा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुआ जहां पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने संबंधित अधिकारियों के साथ विभिन्न थाना क्षेत्र में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए और निर्देशों के बाद पुलिस टीम ने अपनी कार्यवाही शुरू की तेन्दूखेड़ा थाना पुलिस की इस कार्रवाई में दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के निर्देशन व तेन्दूखेड़ा एसडीओपी डीएस ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नीतेश जैन द्वारा की गई है जिसमें पुलिस स्टाफ का विशेष योगदान रहा। इस संबंध में तेन्दूखेड़ा एसडीओपी डीएस ठाकुर ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों एवं दमोह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया था। आगे भी इस तरह के अभियान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाएं जाएंगे और अपराधियों पर कार्रवाई कर अंकुश लगाया जाएगा।

# हत्याकांड में आरोपी को आजीवन कारावास

**दमोह।** वर्ष 2022 में किल्लाई नाका पर हुई हत्या के मामले में जिला सत्र न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी प्रफुल्ल बर्मन को उम्रकैद की सज़ा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी को हत्या का दोषी मानते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 2000 रूपये के जुर्माने से दंडित किया है। घटना 4 दिसंबर 2022 की है, जब थाना कोतवाली को सूचना मिली कि किल्लाई नाका क्षेत्र में जयसिंह और प्रफुल्ल बर्मन के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि प्रफुल्ल बर्मन ने जयसिंह पर चाकुओं से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। घायल जयसिंह को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मामले में थाना कोतवाली ने अपराध क्रमांक 916/22 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। जयसिंह की मृत्यु के बाद मामले में धारा 302 जोड़ी गई। तत्कालीन उप पुलिस अधीक्षक भावना दांगी ने साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर विवेचना पूरी कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश श्री उदय सिंह मरावी ने आरोपी प्रफुल्ल बर्मन पिता सुखदेव बर्मन, निवासी पुराना थाना दमोह, को दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई।

### जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में पाइपलाइन तो डाली गई है, लेकिन दो माह से पानी की सप्लाई है बंद

# दो माह से जल संकट से जूझ रहे हाथीडोल के ग्रामवासी

**तेंदूखेड़ा।** ब्लॉक के ग्राम हाथीडोल, जो पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है, पिछले कई महीनों से गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में पाइपलाइन तो डाली गई है, परंतु विगत दो माह से जल आपूर्ति पूर्णतः बंद है। गांव में कोई सार्वजनिक जल स्त्रोत भी सक्रिय नहीं है, जिससे स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। ग्रामवासियों ने कई बार इस संबंध में जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं एसडीएम को आवेदन प्रस्तुत कर पानी की समस्या के निराकरण की मांग की, परंतु अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। ऐसे संकट की घड़ी में ग्राम के वृंदावन यादव ने समाज सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने निजी बोरवेल से समूचे गांव को जल आपूर्ति प्रारंभ की है। उनके इस प्रयास से सैकड़ों ग्रामीणों को पीने व दैनिक उपयोग के लिए पानी मिल रहा है। ग्रामवासी ललता गोंड, बबलू सिंह, शंकर यादव गुड्डा सिंह, गुड्डू यादव, गोपाल सिंह व अन्य लोगों वृंदावन यादव की इस सेवा भावना से अत्यंत प्रभावित हैं और उन्हें गांव का भागीरथ कहकर सम्मान दे रहे हैं। यह कार्य न केवल जल संकट के समाधान का अस्थायी मार्ग बना, बल्कि सामुदायिक एकजुटता और सेवा भावना का प्रेरणास्त्रोत भी बना। ग्रामवासियों ने शासन से अनुरोध किया है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्थापित पाइप लाइन को शीघ्र सक्रिय किया जाए ताकि गांव में स्थायी रूप से जल संकट का समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

